आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

कटनी • बुधवार, 2 फरवरी, 2022





# दागदार को बनाया क्वालिटी इंस्पेक्टर, मिलर्स में रोष

## मप्र राज्य नागरिक आपूति निगम की प्रताड़ना के खिलाफ राईस मिलर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** मप्र राज्य नागरिक आपूति निगम नान की मनमानी कार्यवाही तथा सेवानिवृत्त दागदार क्वालिटी कंट्रोलर शंभूनाथ गुप्ता को हटाने एवं रोहरा इंडस्ट्रीज पर दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही करने के विरोध में गत दिवस राईस मिल एसोसिएशन तथा राईस मिलर्स ने प्रमुख सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के नाम प्रेषित ज्ञापन पत्र जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि नान की मनमानी के कारण जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 एवं 21-22 में उपार्जित धान की मिलिंग कार्य पूर्णता बंद किया जाएगा। जिला प्रबंधक द्वारा मिलर रोहरा इंडस्ट्रीज के ऊपर बिना सुनवाई का अवसर दिए दुर्भावना पूर्वक एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए 13.92 लाख की पेनाल्टी एवं वर्ष 2020-21 के लिए मिलिंग कार्य के लिए ब्लैक लिस्ट घोषित किया गया है, इससे आक्रोशित होकर मिलर्स ने एक बैठक की और कार्य बंद करने के लिये मजबूर हुये। मिलर्स की मांग है कि रोहरा इंडस्ट्रीज के खिलाफ अधिरोपित पेनाल्टी माफ की जाए एवं उनको मिलिंग कार्य से ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई से मुक्त किया जाए। नान में क्वालिटी कंट्रोलर के पद पर पदस्थ शंभूनाथ गुप्ता पूर्व में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर चुके हैं। साथ ही अधीनस्थ महिला कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप पर एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। इन्हीं के कार्यकाल में अधीनस्थ क्वालिटी इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था, जिसने रिश्वत का पैसा शंभूनाथ गुप्ता के लिए लेना स्वीकार किया था। ऐसे व्यक्ति को रिटायरमेंट के पश्चात क्वालिटी इंसपेक्टर बना दिया गया। उन्हें तत्काल कटनी से हटाने की मांग की गई है। इस मौके पर राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वर रोहरा, बंटू रोहरा, गागू माखीजा, दीपू नानकानी सहित बडी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

**क्वालिटी इंसपेक्टर को हटाने और पेनाल्टी माफ करने की मांग**

# तूल पकड़ रहा समदड़िया कालोनी की भूमि पर कब्जे का विवाद

## ब्राम्हण समाज के बाद सिंधी समाज ने भी ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

### पुलिस व प्रशासन को सूझबूझ से शांत कराना पड़ेगा मामला, आरोप-प्रत्यारोप का दौर

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में समदड़िया कालोनी की भूमि पर कब्जा और अवैध निर्माण का मामला दिनों दिन तूल पकडता जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर अब ब्राम्हण व सिंधी समाज आमने-सामने आ गए हैं। दोनों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। बीते दिनों ब्राम्हण समाज के बाद कल मंगलवार को सिंधी समाज के सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जातिवाद और सम्प्रदाय तक मामले को मोड़ने पर गंभीरता से जांच के लिये मांग की हैं। सिंधी समाज के साथ ब्राम्हण और मुस्लिम यादव सहित अन्य वर्ग के लोगों ने भी समर्थन में आवाज उठायी। इसके पूर्व भी सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सांसद वी डी शर्मा को ज्ञापन सौपा था तथा चित्रा शर्मा द्वारा भी ज्ञापन सौंपा गया था। इसके पूर्व जिला ब्राह्मण समाज कटनी, चाणक्य ब्राह्मण महासभा कटनी, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कटनी, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज कटनी, परशुराम ब्राह्मण समाज कटनी एवं अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा कटनी ने घटना के बाद से पुलिस द्वारा दोषियों पर कार्रवाई न किए जाने को लेकर रोष व्यक्त किया था। तीन दिन में ठोस कार्रवाई की मांग रखी थी। वहीं कल सिंधी समाज ने भी ज्ञापन सौंपकर चित्रा शर्मा व उनके बेटे पर कार्रवाई की मांग की है।

### सिंधी समाज की ओर से इनकी रही उपस्थिति

सिंधी समाज की ओर से जनपद पंचायत अध्यक्ष पं कन्हैया तिवारी, अधिवक्ता संतोष संतु परौहा, महेश शुक्ला, रजनीश तिवारी, कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष मौसूफ अहमद बिट्टू सहित सिंधी समाज से गंगाराम कटारिया, झम्मटमल ठारवानी, पीताम्बर टोपनानी, प्रकाश आहूजा, सुशील मोटवानी, हीरानंद सहजवानी, वीरू तीर्थानी, श्याम बाधवानी, श्याम पंजवानी, सोनू नागवानी, गागू माखीजा, राजू माखीजा, पंकज आहूजा सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।





### ब्राम्हण समाज भी कर रहा कार्रवाई की मांग

उधर ब्राम्हण समाज की ओर से ज्ञापन सौंपने के दौरान रमाकांत पप्पू दीक्षित, राजू शर्मा, राकेश मिश्रा, अनुज खपंरिया, आरती तिवारी, ज्योति तिवारी, अंजू मिश्रा, संगीता तिवारी, बबीता पचौरी, संजय चतुर्वेदी, अभिलाष पांडे, अरविंद तिवारी, आशीष तिवारी, मनोहर दुबे, विपिन पांडे, नीरज चतुर्वेदी, शैलेंद्र शर्मा, पप्पू उपाध्याय, सचिन तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



चरण बद्ध आंदोलन करने बनाई रूपरेखा, ज्ञापन सौंपा

# पहले से तैयार पदोन्नति ड्राफ्ट लागू करने की मांग को लेकर अजाक्स ने भरी हुंकार

कटनी। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एडीएम को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पदोन्नति में आरक्षण लागू करने संबंधी दिए गए दिशा निर्देशों में राज्य सरकारों को डाटा कलेक्शन कर पदोन्नति नियम बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अजाक्स द्वारा मांग की गई है कि पूर्व से तैयार मनोज गोरकेला द्वारा पदोन्नति नियम ड्राफ्ट को ही लागू किया जाए। आरक्षित वर्ग के बेरोजगार नवयुवकों की भर्ती हेतु बैकलॉग के 1 लाख से अधिक रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। सफाई का कार्य कर रहे समस्त सफाई कर्मचारियों को नियमित करते हुए नियमित वेतन दिया जाए। आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। यदि बंद करना तत्काल संभव नहीं है तो आउटसोर्सिंग भर्ती में भी आरक्षण नियम लागू किया जाए। इस दौरान अजाक्स जिला सरंक्षक ए के कोरी, अजाक्स जिलाध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, अरविंद सिंह धुर्वे, श्रीमती लक्ष्मी चौधरी, श्रीमती सीमा चौधरी, आई पी साकेत, गणेश प्रसाद आरख, सोहन लाल दहिया, जय कुमार चौधरी, बाबू लाल अहिरवार, कमल कुमार रैदास, बालेश्वर प्रसाद, मनोज गौतम, राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद कोरी, संदीप कुमार रैदास, सत्यपाल मरावी, श्याम महोबिया, नाजी जिलाध्यक्ष मैथिलीशरण सूर्या, राजकुमार, शिवम, कन्हैया, कपिल, अजीत, अजय, रोहित, विक्रम, अंकित, अरविंद, विमल, सत्यम, संदीप, करन, विक्रम आदि लोग मौजूद रहे।

# आदिवासियों की जमीन पर बिना अनुमति बनाया रास्ता

### उद्योगपति पर आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** उद्योगपति पवन मित्तल, उनके कर्मचारी अरुण अग्रवाल, सीमेंट कंपनी के कर्मचारी एवं भजिया निवासी ब्रोकर गजेंद्र उपाध्याय के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम छपरवाह तहसील बड़वारा में किसानों की जमीन है। जमीन सीमेंट की खदान से लगी हुई है। कंपनी के लोगों द्वारा निजी जमीन पर बिना अनुमति रास्ता बना लिया गया है। खदान से निकलने वाला मलमा जमीन में एकत्र किया जा रहा है, आपत्ति की जाती है तो जातिसूचक शब्दों से संबोधित कर भाग दिया जाता है, जिसकी शिकायत कलेक्टर एवं विधायक को की गई तथा अपनी समस्या से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इन लोगों द्वारा जबरदस्ती गाड़ियों में बैठाकर कंपनी के अंदर प्लांट में ले जाया जाता है और सहमति से जमीन देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस मौके पर नत्थू कोरी, शंभूलाल, छेदी, काशीराम केवट, मौजी लाल, चौकी, गौरी बाई सहित आदिवासी मौजूद थे।




# 791 सेम्पल की रिपोर्ट में 131 नए पॉजीटिव केस

**कटनी।** पिछले चौबीस घंटे में जिले में 131 नए पॉजीटि केस मिले हैं। नए संक्रमित मरीजों को मिलाकर जनवरी से लेकर अब तक कुल पॉजीटिव मरीजों की संख्या 1337 हो गई है। हालांकि इनमे से 710 मरीज स्वस्थ भी हो चुके हैं, जबकि पिछले चौबीस घंटे में 95 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। जानकारी के मुताबिक 30 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 233 सेम्पल जांच के लिए भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट 41 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसी तरह 31 जनवरी की 558 सेम्पल की रिपोर्ट में 90 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। जिले में अभी कुल एक्टिव मरीज पांच सौ के ऊपर बताई जा रही है। राहत की बात यह है कि अभी तक ओमिक्रोन का एक भी केस नहीं मिला है और किसी भी मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती नहीं करना पड़ा है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जगन्नाथ कुशवाहा आत्मज स्व.गलई प्रसाद कुशवाहा, निवासी जगमोहन दास वार्ड, कटनी, तहसील व जिला कटनी (मप्र) एवं अन्य का मौजा मुड़वारा, प.ह.नं. 42/43 स्थित भूमि खसरा नं. 607/2, 607/13, 607/6, 1014/4 क, 1015/2क रकवा 0.533 हे., 0.012 हे.1.090 हे. कुल 1.545 हे. भूमि का विवाद तृतीय व्यवहार न्यायालय वर्ग एक, कटनी में चल रहा है जिसका प्रकरण क्रं. RCA/144A/2018 पक्षकार जगन्नाथ वगैरह विरूद्ध बद्री प्रसाद कुशवाहा वगैरह है। यह कि, उपरोक्त वर्णित भूमि को खुर्द-बुर्द कर विक्रय करने का प्रयास बद्री प्रसाद कुशवाहा आत्मज स्व. गलई प्रसाद कुशवाहा एवं गिरजा बाई कुशवाहा पति श्री बद्री प्रसाद कुशवाहा के द्वारा किया जा रहा है जो कि व्यवहार वाद प्रकरण में पक्षकार है। अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय एवं इकरारनामा ना करें, यदि कोई वर्णित संपत्ति का क्रय- विक्रय करता है तो उसकी सारी जबावदारी उसकी स्वयं की होगी और इससे उत्पन्न होने वाले विवादों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। दिनांक - 01.02.2022

**विकास कनौजिया,अधिवक्ता**

नीरज सिनेप्लेक्स में


शानदार 45वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार 45वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 28 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से


PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009


Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

Hire Vintage Car for Wedding
ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
Vintage Car Rent


Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY, City Pride Cinema, Food Junction, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS, GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 2 ● कटनी ● बुधवार, 2 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-1/2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## फटाफट खबरें



### तिरंगे के रंग में रंगा गया आंध्र प्रदेश का जिन्ना टावर

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में जिन्ना टॉवर को तिरंगे के रंग में रंग दिया गया है। इस टॉवर के नाम को लेकर विवाद जारी है। इस बीच लोकल विधायक मोहम्मद मुस्तफा ने इस पर तिरंगे का रंग चढ़ा दिया। मोहम्मद मुस्तफा ने इसे लेकर कहा कि कई लोगों ने उनसे इसे लेकर अनुरोध किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस साल 26 जनवरी पर हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने इस टॉवर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की कोशिश की थी।

**10वीं-12वीं का मामला**

### 2003 से पहले की मार्कशीट में 3 महीने बाद नहीं हो सकेगा बदलाव



भोपाल । माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं व 12वीं में मार्कशीट व फोटो कॉपी संबंधी डॉक्यूमेंट को लेकर कुछ बड़े बदलाव किए हैं। 2003 और उससे पहले के वर्षों की मार्कशीट में बदलाव 3 महीने बाद नहीं हो सकेगा। इस बदलाव के लिए आवेदन अगले 3 महीने बाद नहीं लिए जाएंगे। मंडल ने इन बोर्ड कक्षाओं की मार्कशीट को लेकर जरूरी कामों को वर्ष के आधार पर 3 हिस्सों में बांटा है। 1971 से 2002 तक के फोटोकॉपी डाक्यूमेंट्स के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। 2003 एवं उसके बाद के वर्षों के लिए आवेदन पहले जैसे होंगे।

### इंदौर में पॉवर हाउस में लगी भीषण आग



इंदौरों MPEB के पॉवर हाउस कैम्पस में ग्रिड डीपी में आग लग गई। ये आग रात करीब 3 बजे लगी। इसके बाद कई इलाकों की बिजली बंद हो गई। आग तेजाजी नगर थाना इलाके के लिम्बोदी स्थित पॉवर हाउस में लगी थी।

## 3 आरोपी गिरफ्तार

# महाराष्ट्र के ठाणे में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में क्राइम ब्रांच ने भारी मात्रा में विस्फोटक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक हजार जिलेटिन स्टिक और डेटोनेटर मिले हैं। यह तीनों अपराधी इस विस्फोटक सामग्री को भिवंडी में किसी को सप्लाई करने वाले थे। मंगलवार देर शाम पकड़े गए तीनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। कई अहम सुराग हाथ लगने की बात कही जा रही है।

### जांच में पकड़ी गई कार

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से उन्हें इसकी सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर कारज़्वाई करते हुए दोपहर तीन बजे निजामपुरा पुलिस थाना एरिया के नाडी नाका में एक मारुति ईको कार को रोका गया और उसमें से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। इस कार के अंदर जिलेटिन की एक हजार छड़ें और कुछ डेटोनेटर रखे थे। यह जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### कौन हैं आरोपी

मौके से पकड़े गए तीनों लोगों की पहचान अल्पेश पाटिल, पंकज चह्वाण और समीर वेद्रा के रूप में हुई। लघर जिले के विक्रमगढ़ के

### भिवंडी में करने वाले थे सप्लाई

निवासी हैं। तीनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने विस्फोटक चुराए थे और उसे कहीं बेचने की योजना थी। निजामपुरा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक अधिनियम की धाराओं के तहत इस सिलसिले में एक मामला दजज़् किया है।बता दें कि पिछले साल 25 फरवरी को कारोबारी मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर भी जिलेटिन की छड़ों से भरी एक कार मिली थी। जिस कार में जिलेटिन की छड़ें मिली थीं, वह कार एक कारोबारी मनसुख हिरेन की थी। मनसुख हिरेन का कुछ दिन बाद शव मिला था।

### भारत को देखने का दुनिया का नजरिया बदल गया है, ये नए संकल्पों की सिद्धि का समय है



**कानपुर ।** मोदी बुधवार को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल संबोधन कर रहे हैं। मोदी इस संबोधन में बजट पर अपनी बात रखी। कहा कि आजादी के 75 वें वर्ष में 100 साल में आई सबसे ब ?ी महामारी पूरी दुनिया के लिए चुनौतियों लेकर आया है। दुनिया चौराहे पर ख ?ी हो गई है। आगे की दुनिया वैसी नहीं होगी, जैसे कोरोना से पहले थी। भारत को देखने का दुनिया का नजरिया बदल गया है। दुनिया अब भारत को ज्यादा मजबूत देखना चाहती है। हमारे लिए जरुरी है कि हम अपने देश को तेजी से आगे ब ?ाएं। मजबूती लाएं। ये समय नए अवसरों का है। नए संकल्पों की सिद्धि का समय है। बहुत जरुरी है कि हम आत्मनिर्भर बने। आत्मनिर्भरता की नींव पर आधुनिक भारत का निर्माण हो।बीते 7 सालों में जो निर्णय लिए गए हैं, उस वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था का निरंतर विस्तार हो रहा है।

### हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी

# तेज रफ्तार बस के पलटने से 40 यात्री घायल



**जशपुर नगर।** तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में,बस में सवार 40 यात्री घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना तड़के तकरीबन तीन बजे की है। जानकारी के मुताबिक रायपुर से रांची चलने वाली महिंद्रा बस,बुधवार की सुबह कुनकुरी से जशपुर के लिए रवाना हुई रही। बस अभी दुलदुला थाना क्षेत्र के चराईडांड के पास पहुंची थी कि एक तीखे मोड़ में तेज रफ्तार बस, चालक के काबू से बाहर हो गई और अनियंत्रित हो कर स ?क किनारे पलट गई। रात के अंधेरे में हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। बस पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के स्थानीय रहवासी घर से बाहर निकल आए। उन्होंने बस में फंसे हुई मुसाफिरों को बाहर निकालने के साथ ही घायल यात्रियों की मदद के लिए एम्बुलेंस और पुलिस विभाग को सूचना दी। घायल यात्रियों को कुनकुरी के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के लिए बता दे कि जिले में वाहनों का रफ्तार लगातार कहर बरसा रहा है। पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में बीते साल 326 सड़क हादसों में 211 लोगो ने जान गवाई थी और 196 घायल हुए थे।

### प्रयागराज में किसान की ईंट से कूचकर हत्या, झोपड़ी के अंदर मिला शव

**लखनऊ।** प्रयागराज में एक किसान की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। किसान का शव बुधवार को झोपड़ी में पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि वो रात में 9 बजे घर से निकले थे। उसके बाद दिखे नहीं। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए।पुलिस प्रथम दृष्टया रंजिश और लेनेदेन के विवाद के एंगल पर जांच कर रही है। स्क्र्गंगापार अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी है।

# शबाना आजमी हुई कोरोना पॉजिटिव



**नई दिल्ली।** भारत कोरोना वायरस और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन से जूझ रहा है। हालांकि अब संक्रमण की रफ्तार कम हो रही है। हालांकि फिल्म और टीवी इंडस्ट्री अभी भी हॉटस्पॉट बना हुआ है। लगातार सेलेब्स के पॉजिटिव होने की रिपोर्ट सामने आ रही है। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस शबाना आजमी का भी नाम जु ? गया है। हाल ही में शबाना ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें कोरोना हो गया। उन्होंने खुद को घर में क्वारंटाइन कर लिया है।शबाना आजमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं आज कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हूं।

### कन्हैया पर केमिकल फेंका, प्रदर्शनकारी बोला- ये देशद्रोही...

# जो देश का नहीं हुआ वह यूपी का क्या होगा?

**लखनऊ।** कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम में कुछ लोगों ने कांग्रेस के स्टार प्रचारक कन्हैया कुमार और उनके समर्थकों पर केमिकल फेंका। अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये केमिकल क्या था? हालांकि इससे कन्हैया और उनके समर्थकों का कहना है कि इससे चेहरे और शरीर जलन महसूस हो रही है। केमिकल फेंकने वाले देवांश वाजपेयी को लोगों ने पक ? लिया। उसने कहा कि कन्हैया देशद्रोही है। इसका प्रोग्राम लखनऊ में क्यों होना चाहिए। जो देश का नही, वो हमारा कैसे हो सकता है। कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम था। लोग कन्हैया का इंतजार कर रहे थे। कार्यक्रम में कन्हैया देरी से पहुंचे। जैसे ही वो मंच की ओर ब ?, कुछ युवकों के एक समूह ने उनके ऊपर



लिक्विड फेंका। इससे अफरा तफरी मच गई। लोगों ने एक प्रदर्शनकारी देवांश वाजपेयी को मौके पर ही पक ? लिया।

कांग्रेस का आरोप- ये काम एबीवीपी का

कांग्रेसियों का आरोप है कि ये काम एबीवीपी कार्यकर्ताओं का है। वो कांग्रेस के कार्यक्रम को नहीं होने देना चाहते। वे नहीं चाहते कि लोकतांत्रिक ढंग से कोई अपनी बात रखे। कन्हैया कहीं लोगों के बीच हीरो न बन जाए, इससे ये डरे हुए थे।भाजपा का आरोप-सुनने वाले लोग नहीं थे, इसलिए ड्रामाभाजपा का आरोप है कि कन्हैया के कार्यक्रम में कुर्सियां खाली थीं।

### जांच में खरा उतरा यशभारत का हर दावा

# काम के बदले दाम मांगने वाला सहायक यंत्री निलंबित

विक्रांत पटैल

**नरसिंहपुर यभाप्र। यश भारत के परत दर परत खुलासे के बाद आखिर नपा का भ्रष्ट सहायक यंत्री निलंबित हो गया। प्रकरण को लेकर यशभारत का हर दावा खरा उतरा, और अब संभागीय कार्यालय में फाइलें खंगालेगा शिवहरे। जिले के क्रियाशील कलेक्टर रोहित सिंह के प्रतिवेदन पर कमिश्नर नगरीय प्रशासन ने शिवहरे को निलंबित कर दिया। यशभारत लगातार शिवहरे प्रकरण में तथ्यात्मक खबर प्रकाशित कर रहा था जिसको संज्ञान में ले कलेक्टर ने जाँच दल गठित किया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार यशभारत ने आवाज उठाई जिसका असर शिवहरे के निलंबन के रूप में सामने आया। हालाँकि सिवनी जिले के बैक अकाउंट की जाँच अभी बाकि है। निलंबन अवधि में शिवहरे का मुख्यालय संयुक्त संचालक कार्यालय जबलपुर होगा।**

नगर पालिका नरसिंहपुर में भवन अनुज्ञा में दाम के बदले काम का खेल सहायक यंत्री अभिषेक शिवहरे बेखौफ खेल रहा था जिसकी खबर सबसे पहले **यश भारत** ने प्रकाशित की उसके बाद शिवहरे के भ्रष्टाचार के एक के बाद एक प्रमाण सहित खुलासे किए जिसको संज्ञान में ले कलेक्टर रोहित सिंह ने जाँच दल बनाया। जाँच दल ने संबंधितों के बयान ले रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी। जाँच दल की रिपोर्ट का प्रतिवेदन कलेक्टर ने कमिश्नर नगरीय प्रशासन को सौंपा जिस पर कमिश्नर ने एक्शन लेते हुए शिवहरे को



कलेक्टर के नाम का भय दिखा खुलेआम रिश्वत ले रहा सहायक यंत्री शिवहरे

निलम्बित किया ।

कलेक्टर नरसिंहपुर ने अपने फेसबुक पेज पर प्रकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निलंबन अवधि में शिवहरे का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग का कार्यालय रहेगा। निलंबन अवधि में शिवहरे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

**यशभारत की मुहिम के बाद कलेक्टर के प्रतिवेदन पर कमिश्नर की कार्यवाही**

### इन आरोपों का दोषी पाया गया शिवहरे

कलेक्टर के निर्देश पर जांच कर रहे अनुविभागीय राजस्व अधिकारी राजेश शाह, तहसीलदार महेन्द्र पटैल ने जांच के दौरान शिवहरे को भवन अनुज्ञा की आवेदक पुष्पा दुबे के प्रकरण को समय सीमा में निराकृत न करने का दोषी पाया। साथ ही उक्त आवेदन का निराकरण जांच दिवस 28 जनवरी को करना पाया। सीएमओ नरसिंहपुर ने भी जांच दल को शिवहरे के संतोषजनक कार्य न करने की जानकारी दी थी। शिवहरे की अक्सर कार्यालय से अनुपस्थिति और अप-डाउन भी जांच में सामने आया था। राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को भी शिवहरे की अनुपस्थिति जांच दल के सामने आयी थी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में शिवहरे के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की थी। शिवहरे के कृत्य को स्वेच्छाचारिता, अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक मनाते हुए मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के अनुकूल नही पाया गया।

### नागरिकों ने दी हर्ष मिश्रितप्रतिक्रियाएं

**यशभारत** की खबर के असर के बाद हुए शिवहरे के निलंबन की जानकारी सार्वजनिक होते ही नागरिकों ने हर्ष मिश्रितप्रतिकियाएं दी है। विभिन्न सोशल मीडिया समूहों पर लोगों ने जहां **यशभारत** की मुहिम की जमकर तारीफ की वहीं प्रकरण को गंभीरता से लेते शिवहरे को दंडित कराने वाले कलेक्टर रोहित सिंह के प्रति भी नागरिकों ने साधुवाद ज्ञापित किया है।



### कोरोना देश में | 1.58 लाख केस लगातार मिल रहे

# 2 दिन 2 लाख केस 1,721 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में 1.58 लाख मामले सामने आए। इस दौरान 2.80 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 1,721 लोगों की मौत हुई है। इससे एक दिन पहले सोमवार को 1,67,059 लोग संक्रमित मिले थे। पिछले दिन के मुकाबले 8,522 कम संक्रमित मिले हैं, यानी नए केस में 5.37: की कमी देखी गई है।लगातार दूसरे दिन देश में 2 लाख से कम नए केस मिले हैं। पीक से पहले केस ब ?ने के दौरान 8 जनवरी को 1.59 लाख केस मिले थे, 20 जनवरी को सबसे ज्यादा 3.47 लाख नए केस मिले थे। 20 जनवरी के बाद से कोरोना केस में लगातार गिरावट देखी जा रही है।फिलहाल देश में कुल एक्टिव केस, यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 16.13 लाख है। पिछले दिन के मुकाबले एक्टिव केस की संख्या में करीब 1,23,323 की कमी हुई है। कुल केस 4.16 करोड़ के पार पहुंच गए हैं। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में दर्ज की गई 1,721 मौतों में 1,063 मौतें केरल में पिछले दिनों के दौरान हुई हैं, जिनके आंकडे अभी जोड़े गए हैं।



### सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों के हाल

केरल: पिछले दिन के मुकाबले नए केस में 23: की बढोतरी यहां मंगलवार को 51,887 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 40,383 मरीज ठीक हुए हैं और 142 लोगों की मौत हुई। इससे एक दिन पहले सोमवार को 42,154 नए संक्रमित मिले और 91 लोगों की मौत हुई थी। सोमवार के मुकाबले मंगलवार को नए केस में 9,733 की बढोतरी हुई है।महामारी की शुरुआत से अब तक यहां कुल 60.77 लाख लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 56.53 लाख लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 55,600 लोगों की मौत हो गई।

# यूपी में भाजपा ने घोषित किए 17 प्रत्याशी

लखनऊ। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मंगलवार देर रात भाजपा ने लखनऊ की 9 विधानसभा समेत 17 सीटों पर नामों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें कई चैकाने वाले नाम हैं। लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से विधायक और योगी सरकार में मंत्री स्वाति सिंह का टिकट काट दिया है। यहां पर स्वाती सिंह के साथ ही उनके पति दयाशंकर भी दावेदारी कर रहे थे। पति-पत्नी की इस ल ?ाई का फायदा राजेश्वर सिंह को मिला। राजेश्वर सिंह ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर रहे हैं। हाल में ही वीआरएस लेकर भाजपा में शामिल हुए हैं।लखनऊ की सबसे हॉट सीट कैंट विधानसभा सीट कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक को मिली है। बृजेश पाठक मध्य विधानसभा से विधायक हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें राजधानी के सबसे सेफ सीट दी है। मंत्री आशुतोष टंडन को पूर्व विधानसभा से ही टिकट मिला है। कहा जा रहा है कि पार्टी इनकी सीट बदलना चाहती थी, लेकिन मंत्री इसके लिए तैयार नहीं थे।लखनऊ के 9 विधानसभा सीटों में से एक मंत्री और दो विधायकों का टिकट पार्टी ने काट दिया है।



# शिकायतों पर कार्यवाही नही करने वालों पर लगेगी पेनाल्टी

## समय सीमा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

**कटनी।** सभी अधिकारी अपने विभागों की शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराएं। जिन विभागों के अधिकारी शिकायतों को अटैंड नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें और पेनाल्टी लगाएं। यह निर्देश सोमवार को समय सीमा की वर्चुअल बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने दिए। सीईओ श्री गोमे ने सीएम हेल्पलाइन, 100 दिवस, 300 दिवस, समाधान, सीएम हाउस, सीएम मॉनिट की शिकायतों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 3 दिवस के अंदर शिकायतों अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण कराते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

सीईओ श्री गोमे ने लोकसेवा केन्द्रों की सेवाओं की भी समीक्षा की और समय पर संबंधित को जानकारी उपलब्ध न कराने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीईओ ने अंकुर अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्य की भी समीक्षा की और निर्देश प्रदान किए। सीईओ श्री गोमे ने मुख्यमंत्री भूअधिकार, स्वामित्व योजना,सीमांकन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही तीनों योजनाओं के प्रकरणों में सभी एसडीएम को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि पट्टा वितरण के लिए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करें और समीक्षा कर आबादी घोषित कराएं।

सीईओ श्री गोमे ने कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पशु चिकित्सा सहित अन्य विभागों को निर्धारित पैरामीटर के आधार पर डाटा एंट्री कार्य 5 फरवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि डाटा को फीड कराने के बाद जिला स्तर के अधिकारी से उसे प्रमाणित अवश्य करा लें ताकि किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। सीईओ श्री गोमे ने कहा कि समय सीमा के लंबित पत्रों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी शामिल थे।

**अन्य सामुदायिक भवनों के किराये का भी निर्धारण हुआ**

# कम्युनिटी हॉल का किराया अब 5 हजार रुपये प्रतिदिन

**कटनी। नगर पालिक निगम में राजस्व आय एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संकल्प 6 जनवरी 2022 अनुसार नगर पालिक निगम कार्यालय स्थित कम्युनिटीहॉल का किराया 5000 रूपये प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न वार्डो की सामान्य बस्ती क्षेत्र एवं गरीब बस्ती क्षेत्र में निर्मित सामुदायिक भवनों के किराये की दरें भी अलग अलग निर्धारित की गई है।**

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य बस्ती क्षेत्र अन्तर्गत माधवनगर पूर्व पंचायत भूमि पर सामुदायिक भवन, योजना क्रमांक 06 सामुदायिक भवन, रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्कूल परिसर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, जाकर हुसैन वार्ड, जालपा देवी वार्ड विश्वनाथ बाल मंदिर के स्थान पर, महात्मा गांधी वार्ड स्थित पूर्व निर्मित सामुदायिक भवन के ऊपर, सुभाष वार्ड मोहन टॉकीज के पीछे, लखेरा उपस्वास्थ्य केन्द्र, बी.डी.आग्रवाल वार्ड स्थित सराय, राजीव गांधी वार्ड अशोक कॉलोनी में निर्मित सामुदायिक भवन हेतु सामान्य दरें 3100 रूपये तथा गरीबी रेखा श्रेणी की दरें 500 रूपये निर्धारित की गई है। गरीब बस्ती क्षेत्र अन्तर्गत निवासरत नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पहरूवा, झिझरी एवं अमीरगंज क्षेत्र में निर्मित सामुदायिक भवन के अतिरिक्त नगर के अन्य स्थलों सीएलपी वार्ड में सामुदायिक भवन, बाल गंगाधर तिलक वार्ड परैनी, नेहरू वार्ड इंदिरा ज्योति कॉलोनी, वेंकट वार्ड शासकीय स्कूल परिसर, तिलक वार्ड आजाद नगर पुरैनी, इंदिरा नगर तिलक वार्ड एवं विश्राम बाबा वार्ड कुम्हार मोहल्ला में निर्मित सामुदायिक भवनों की सामान्य दरें 1100 रूपये तथा गरीबी रेखा श्रेणी की दरें 500 रूपये निर्धारित की गई है। निगमायुक्त धाकरे ने नगर निगम कार्यालय स्थित कम्युनिटी हॉल एवं सामुदायिक भवन के उपयोगकर्ताओं को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त विद्युत व्यवस्था एवं भवन के अंदर व परिसर की साफ- सफाई की व्यवस्था स्वयं के व्यय से करनी होगी। सामुदायिक भवनों के संचालन व संधारण का दायित्व वार्ड के सफाई दरोगाओं को सौपा जाकर भवन के उपयोग की स्वीकृति उपरान्त नगर निगम कोष में राशि जमा होने एवं उपयोगकर्ता द्वारा विद्युत व्यवस्था करा लेने के उपरान्त ही सामुदायिक भवनों का ताला कार्यक्रम हेतु खोलने एवं कार्यक्रम उपरान्त भवन की चाबी वार्ड दरोगाओं के पास रखवानें हेतु निर्देशित किया गया है।

## किशोरों को वैक्सीन की दूसरी डोज शुरू

### मिशन संचालक ने कलेक्टर को जारी किये निर्देश

कटनी। प्रदेश में 15-17 वर्ष के किशोर-किशोरियों को 3 जनवरी से कोविड-19 की वैक्सीन (को-वैक्सीन) का पहला डोज लगाने का अभियान शुरू किया गया था। ऐसे सभी किशारों को, जो वैक्सीन के दूसरे डोज के लिये पात्र हो गये हैं, उनको वैक्सीन का दूसरा डोज लगाना 31 जनवरी से शुरू किया जाएगा।



संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास ने इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को पत्र लिखकर पात्र किशोरों को वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 48 लाख किशोर-किशोरियों के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 36 लाख 42 हजार से अधिक को वैक्सीन का पहला डोज लगाया जा चुका है। उन्होंने वैक्सीन के दूसरे डोज के लिये पात्र किशोरों के लिये प्रदेश के सभी उन विद्यालयों में टीकाकरण-सत्रों के आयोजन के निर्देश दिये है, जहाँ पूर्व में किशोरों को वैक्सीन का पहला डोज लगाया गया था। टीकाकरण के दूसरे सत्र के लिये जारी किये गए निर्देशों में आदेशित किया गया है कि जिन किशोरों को वैक्सीन का पहली डोज लगे 28 दिन हो गये हों उन्हें ही दूसरी डोज लगाई जाए। टीकाकरण के दूसरे डोज के लिये स्थल पर ऑनसाईट पंजीयन किया जायेगा। शिक्षक-पालक की बैठक ऑनलाईन आयोजित कर पालकों को जागरूक किया जाये।टीकाकरण के लिये किशोर-किशोरियों को प्रेरित किया जाये। शाला त्यागी 15-17 वर्ष के किशोर बालक-बालिकाओं को शिक्षक एवं आँगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रेरित करें।

## गौशाला परियोजना समन्वय समिति की बैठक 4 को

**कटनी।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि गौशाला परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये जिलास्तरीय गौशाला परियोजना समन्वय समिति एवं जिला गौपालन एवं पशु संवर्धन समिति की बैठक 4 फरवरी को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## सरस्वती विद्यालय से हुआ सूर्य नमस्कार महायज्ञ का शुभारंभ

**कटनी।** सरस्वती विद्यालय के योग प्रमुख कुष्ण कुमार गर्ग वरिष्ठ आचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 1 फरवरी को सूर्य नमस्कार महायज्ञ का शुभारंभ सरस्वती शिक्षा परिषद के जिला सचिव मधुसूदन बगड़िया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना में चंद्रप्रकाश बरसैंया व्यवस्थापक ने योग के महत्व पर अपना उद्बोधन प्रदान किया। अध्यक्षीय आसंदी से धन्य कुमार गांधी ने योग एवं सेवा की उपयोगिता को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य कमलेश तिवारी ने किया। अंत में सूर्यनमस्कार के 12 मंत्रों एवं आसनों के साथ इस यज्ञ का समापन उपस्थित अतिथि एवं आचार्य परिवार के बीच समापन हुआ। आयोजन में संस्था के प्रधानाचार्य ,वरिष्ठ व्याख्याता एवं समस्त आचार्य परिवार की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय हो कि यह अभियान आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 7 फरवरी तक निरंतर आयोजित होगा।




## बकाया राजस्व वसूली के लिए टैगोर वार्ड में आयोजित हुआ शिविर

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना आयोजित किये जा रहे शिविरों के तहत रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज आंगनबाड़ी केन्द्र के पास शिविर का आयोजन किया जाकर नगारिकों को निगम के बकाया करों को जमा करनें की सुविधा प्रदान की गई। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक नें जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में नगर निगम कार्यालय स्थित कम्प्यूटर कक्ष के अतिरिक्त अमीरगंज में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के दौरान निगम के उपस्थित राजस्व अमले द्वारा आसपास की बस्तियों में भ्रमण कर शिविर की जानकारी प्रदान करते हुए शिविर में आनें वाले आगंतुकों को निगम के बकाया करों की राशि की जानकारी प्रदान की जाकर संपत्तिकर कर की 32 रसीदों द्वारा 53423 रूपये एवं जलकर की 6 रसीद द्वारा 6774 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

## वेंकट लाइब्रेरी में अव्यवस्थाओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

### पूरे सप्ताह लाइब्रेरी खोलने एवं नि:शुल्क किताबें इशु किये जाने की मांग

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई कटनी द्वारा 8 बिंदुओं को लेकर नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें वेंकट लाइब्रेरी पूरे सप्ताह खोले जाने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि अभी सप्ताह में एक दिन लाइब्रेरी बंद रखी जाती है। वेंकट लाइब्रेरी में पुराने एडिशन की बुक है नए एडिशन की एक भी बुक नहीं है जिसके कारण अध्यापन कार्य प्रभावित होता है। जिला संयोजक सिप्तेन रज़ा ने बताया कि वेंकट लाइब्रेरी खुलने के समय में वृद्धि किये जाने की मांग भी की गई है।



इसके अलावा जरूरतमंद छात्रों को बिना शुल्क लिए किताबें इशु किये जाने, लाइब्रेरी में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाये जाने, सीसी टीवी कैमरे लगावाये जाने आदि की मांग भी विद्यार्थी परिषद द्वारा निगमायुक्त से की गई है। छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है अतिशीघ्र कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जावे सुरक्षा की दृष्टि से लाइब्रेरी के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाया जाए क्योंकि छात्र-छात्राएं अपनी गाड़ी लाइब्रेरी के बाहर रखते हैं कई बार वाहन चोरी गए हैं क्योंकि वहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हमेशा बना रहता है। मांगें सात दिवस के भीतर नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी भी परिषद ने दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सिप्तेन रज़ा, जिला सह संयोजक सीमांत दुबे, भाग संयोजक सुभान अली, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मिश्रा हेमंत अहिरवार, अवध पांडे, ऐश्वर्य गर्ग, मोहित सैनी, चंद्रभान नामदेव, आशीष बर्मन, आशुतोष विश्वकर्मा, अभिनव तिवारी, तरुण गोटिया, सुमित, शुभम वर्मा, अनिकेत यादव, आयुष पांडे एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिनगौड़ी के उर्वरक विक्रेता का लायसेंस निलंबित

**कटनी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास पदेन उर्वरक पंजीयन अधिकारी ए.के. राठौर ने एक प्रकरण में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित उर्वरक विक्रेता संस्थान को प्रदाय उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 31(1) के तहत आदेश भी जारी कर दिया गया है। प्रकरण के अनुसार विजयराघवगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सिनगौड़ी में मेसर्स रामलखन गुप्ता प्रो. रामलखन गुप्ता का उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र उर्वरक गुण नियंत्र आदेश के अनुरुप उर्वरकों का भण्डार एवं विक्रय ना करने तथा पीओएस में दर्ज स्कंध एवं भौतिक रुप से उपलब्ध उर्वरक स्कंध में भिन्नता के कारण निलंबित किया गया था। इस संबंध में संस्था द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं होन के कारण अमान्य किया गया है। संबंधित विक्रेता संस्था को प्रदाय उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये निर्देशित किया गया है कि संस्थान में उपलब्ध समस्त रासायनिक उर्वरकों के स्कंधों का विक्रय एक माह की अवधि के अंदर कर लें तथा इस अवधि में अन्य उर्वरकों का क्रय न करें। एक माह पश्चात शेष बचे रासायनिक उर्वरकों को राजसात कर लिया जायेगा।

## मास्क न लगाने पर वसूला 12 हजार का जुर्माना

**कटनी।** नगर में कोविड -19 संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशों के परिपालन एवं मास्क ही है जिंदगी अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा रोजाना अभियान चलाकर नागरिकों को मास्क लागनें हेतु प्रेरित करनें के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन करनें वालों पर चालानी कार्यवाही की जाकर संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम के माध्यम से आज जोनवार विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बस स्टेण्ड मुख्य मार्ग, आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित दुर्गा चौक खिरहनी सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में अभियान चलाकर कोविड -19 अनुकूल व्यवहार न करनें वालों पर 5000 रूपये की जुर्माने की कार्यवाही की गई। निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा भी निरंतर कार्यवाही की जाकर लोगों को मास्क की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग कर संक्रमण के प्रसार को रोकनें हेतु मुनादी के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है। अतिक्रमण दल के कर्मचारियों द्वारा आज नगर में कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग न करनें वाले 35 व्यक्तियों पर 7000 रूपये कुल 12000 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाकर संबंधितों को मास्क का उपयोग कर स्वयं एवं परिवार को संक्रमण से बचानें की समझाईश दी गई।





## विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ने किया एनकेजे विद्यालय का निरीक्षण

**कटनी।** गत दिवस उपनगरीय क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे विकासखंड स्रोत समन्वयक विवेक दुबे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के घर सम्पर्क कार्य को अमलीजामा पहनाने हेतु यहां के शिक्षकों द्वारा रणनीति बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा शाला में दर्ज बच्चों के घर जाकर उन्हें प्रतिभा पर्व से जुड़े प्रश्नों की बुकलेट देकर दूसरे दिन उत्तर पुस्तिका उनके घरों से कलेक्ट करके स्कूल में बैठकर, शालेय प्रभारी प्रधानअध्यापक अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में उनका मूल्यांकन कर परिणाम तैयार किये जा रहे हैं। शाला में करोना से बचाव हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए जो प्रोटोकाल निर्धारित किया गया है उसका भी पालन किया जा रहा है। विकास खंड स्रोत समन्वयक श्री दुबे ने विद्यालय में संधारित होने वाले सभी तरह के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण करने के उपरान्त उनके सुव्यवस्थित संधारण हेतु तरह तरह के सुझाव और दिशा निर्देश भी शिक्षकों को दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मार्तण्ड सिंह राजपूत, ज्ञानचंद कोष्ठी, प्रेमशंकर भारती, जितेन्द्र दुबे, निधि पटेरिया, मोहना जरगर सोनी, नीलम श्रीवास और सीता चौधरी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**इकलौते भृत्य को कलेक्ट्रेट में अटैच किये जाने पर चिंता जताई**

### मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले को 4 माह से नहीं मिला वेतन

विद्यालय में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली रसोइया पद पर पदस्थ महिलाओं को विगत चार माह से पगार न मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये उन्होंने इस संबन्ध में विशेष चिंता से सकारत्मक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। विद्यालय के एकलौते भृत्य दुर्गा प्रसाद बर्मन को कलेक्ट्रेट में अटेच किये जाने से विद्यालय की साफ सफ़ाई प्रभावित हो रही इस पर भी स्रोत समन्वयक से चर्चा हुई उन्होंने उच्चाधिकारियों से पत्र व्यवहार कर यहां पदस्थ भृत्य को उसकी मूल पदस्थापना पर वापस बुलाने का भी आश्वासन दिया।

**जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1166 बूथें पर हर कार्यकर्ता का डाटा मोबाइल एप पर फीड**

# शहर से लेकर गांव तक हर बूथ पर दस्तक





**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता, एप विस्तारक, बूथ विस्तारक एवं नगर ग्राम शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों सहित सभी बूथ विस्तारक अभियान को सफल बनाने जी जान से जुटे हैं। जिला प्रभारी चेतन हिंदूजा ने बताया कि जिले की चारों विधानसभा में 1166 बूथों पर एक-एक कार्यकर्ता का डाटा मोबाइल एप पर फीड किया जा रहा है। प्रदेश भाजपाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की मंशानुरूप तथा उनके निर्देशन में जिला पदाधिकारी, जिला प्रभारी संजय साहू के मार्गदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता इस अभियान में जुटे हैं। इसी तरह विधानसभा प्रभारी गण सुनील उपाध्याय, सतीश तिवारी, राजेश चौधरी, विजय दुबे मण्डलों में पहुंचकर इस महाअभियान को गतिशील बना रहे हैं।

जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि विगत दिवस कुंआ मंडल के सिहुडी में मंडल अध्यक्ष कमलेश सेन, सिलोड़ी मंडल के सुनारखेड़ा 289, हल्का 290 में मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, बाकल मंडल के पटना, बसेहड़ी में जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, रीठी मंडल के बड़गांव के बूथ क्रमांक 14, 15, 16 में पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, मंडल विस्तारक भावना सिंह, कुँआ मंडल के नीमखेड़ा, राखी में मंडल विस्तारक कौशल दुबे, बड़वारा मंडल के परसेल में ललित जायसवाल, धीरेन्द्र सिंह, मंटू गुप्ता, माधवनगर मंडल के बूथ क्रमाक 44 में मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, अभिजीत तिवारी, दीपक तिवारी, सौरभ अग्रवाल, नीरज पोपटानी, न्यू कटनी मंडल के वेंकट वार्ड, दीनदयाल एवं राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में मंडल जिला उपाध्यक्ष दीपक सोनी, मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, महेश शुक्ला, आशु पटवा ने मुड़वारा मंडल के जालपा वार्ड में मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, अनुराग त्रिसोलिया ने घर-घर पहुंचकर बूथ विस्तार योजना को सार्थक किया। बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत विगत दिवस बड़वारा विधानसभा के बड़वारा मंडल में सघन दौरा कर बूथों के फिज़िकल वेरी फिकेशन व बूथों के डिजिटलाइजेशन कार्य को गति प्रदान करने ग्राम पंचायत बिजौरी के बूथ क्र. 48, कछारी के बूथ क्र. 51, भानपुरा के बूथ क्रं. 50, पनसोखर के बूथ क्रं. 57, पर्सेल के बूथ क्रं. 58, लोहरवारा के बूथ क्रं. 60 में जाकर बूथ समितियों के कार्यो की समीक्षा की व उनकी शंकाओं का समाधान कर आवश्यक जानकारी प्रदान की इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता मण्डल के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। बाकल के पटना, बसेहडी, पिपरिया खकरा, सिहुडी में मंडल विस्तारक जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, मंडल अध्यछ कमलेश सेन, ऐप विस्तारक अनिल रेकवार, रमेश पटेल, अशोक पटेल, अशोक दुबे, विमल जैन आदि कार्यकर्ताओं के साथ बूथ समिति का गठन एवं भोतिक सत्यापन किया गया ।

माधवनगर मंडल के अमीर गंज रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 45 में बूथ योजना का कार्य किया गया। इस दौरान उपस्थिति में मंडल विस्तारक जिले की उपाध्यक्ष गीता गुप्ता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मृदुल मिश्रा मंडल अध्यक्ष बागीश सौरभ विष्णु केवट रिंकू तिवारी महादेव पटेल सूरज सुशील यादव दीपक यादव छोटे यादव आनंद पटेल बाल गोविंद बर्मन दीपक पटेल भोला पटेल जी उपस्थिति थी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष बहोरीबंद के द्वारा ग्राम तिगवां पिपरिया, कूड़ा धनिया, हिनौती, जुझारी, कल्हैया, में बूथ विस्तारक योजना में जनसंपर्क हुआ और सभी ग्रामो में बूथ समिति गठित की ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी गई तथा उसका निराकरण का आश्वासन मंडल अध्यक्ष के द्वारा जल्द से जल्द दिया गया। सभी बूथों में मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार पटेल के साथ पवन व्यौहार राममिलन विश्वकर्मा, राजेंद्र पटेल, सुनील पटेल, राजकुमार यादव, रतिराम पटेल, मदन बर्मन, लक्ष्मण पटेल, क्रोध पटेल श्याम सुंदर पटेल एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता जनसंपर्क में शामिल हुए। जिले के विधायक गण, पूर्व महापौर, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व मोर्चा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत, जनपद ग्रामों के जनप्रतिनिधियों नगर में वार्डों के निवर्तमान पार्षद सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता पदाधिकारी बूथ विस्तारक अभियान को सफल बनाने मनोयोगपूर्वक जुटे हैं।

## घर चलो, घर-घर चलो के साथ कांग्रेस के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

### 28 फरवरी तक चलेगा अभियान

**कटनी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार एक फरवरी से प्रदेश के प्रत्येक जिले में कांग्रेस का सदस्यता अभियान घर चलो, घर-घर चलो प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथलेश जैन एड. ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी मंगलवार को कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित चौराहे से मेन रोड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, पुरानी बस्ती होकर आजाद चौक तक कांग्रेसजनों ने पदयात्रा करते हुए घर-घर संपर्क किया तथा कांग्रेस की रीतियों-नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए भाजपा की विफलताओं के बारे में जनता को अवगत कराया। साथ ही साथ लोगों को कांग्रेस से जोड़ने सदस्यता की रसीद काटी गई। 28 फरवरी तक शहर के अन्य विभिन्न वार्ड व पोलिंग बूथों के नियत स्थानों पर घर चलो, घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत नागरिकों से जनसंपर्क किया जावेगा। प्रतिदिन कम से कम 5 पोलिंग बूथों पर जनसंपर्क किया जावेगा ।इस संबंध में प्रतिदिन का विस्तृत कार्यक्रम बनाया जा चुका है। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व मोर्चा संगठनों व विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने संगठन के समस्त साथियों के साथ प्रत्येक कार्यक्रम में शामिल होकर कांग्रेस के कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

